इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 28 जनवरी 2024

वर्ष 16 अंक 142 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12+4

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।

-अल्बर्ट आइंस्टीन

तापमान - अधिकतम 14.0°C (-8.1) न्यूनतम 06.1°C(-1.2) सेंसेक्स 70,700.67 (-359.64) निफ्टी 21,352.60 (-101.40) सोना 63,100 चांदी 75,700 मुद्रा - डालर 83.10 दिरहम 22.62 रियाल 22.15

एरा विश्वविद्यालय में मना गणतंत्र दिवस

लखनऊ (सं)। एरा विश्वविद्यालय में 26 जनवरी को परिसर में 75वां गणतंत्र दिवस भव्य तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी, डीन, फैकल्टी मेंबर्स, स्टूडेंट्स और स्टाफ मेंबर्स की भागीदारी से जोश, उत्साह और देशभक्ति झलक रही थी।

कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई, इसके बाद राष्ट्रगान और भारत की आजादी के संघर्ष के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। छात्रों ने हमारे देश के लिए शहीदों के बलिदान का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी ने अपने संबोधन में कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, डीन, संकाय सदस्य, कर्मचारी सदस्य और छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस मनाए जाने के इतिहास और कारण पर प्रकाश डाला। कहा कि भारत का संविधान मौलिक अधिकारों, सरकार के पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से कार्य करने के ढांचे से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि एरा यूनिवर्सिटी की स्थापना 2016 में छात्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि हम यहां एरा यूनिवर्सिटी में सिर्फ अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान नहीं देते हैं बल्कि आत्मविश्वास, टीम वर्क, ईमानदारी, अनुशासन जैसे गुणों को विकसित करने पर भी जोर देते हैं। अच्छा नैतिक चरित्र छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाता है। उन्होंने छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने की दिशा में सच्चाई एवं इमानदारी से काम करने की सलाह दी। रजिस्ट्रार प्रो. अनु चन्द्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद छात्रों और स्टाफ सदस्यों को मिठाई वितरित की गई।